ज़ोलोपैक मध्य प्रदेश के पिलुखेड़ी में लगाएगा अपना सस्टेनेबल पैकेजिंग प्रोडक्ट का अत्याधुनिक मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट

भोपाल। भारत में सस्टेनेबल पैकेजिंग प्रोडक्ट के प्रमुख निर्माता पुणे स्थित ज़ोलोपैक इंडिया लिमिटेड मध्य प्रदेश के भोपाल के पास पीलूखेड़ी में 75,000 वर्ग फुट में फैले एक अत्याधुनिक मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट की स्थापना करेगा। मध्य प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव ने शुक्रवार, 01 मार्च को उज्जैन से फैक्ट्री का वर्चुअल भूमिपूजन समारोह आयोजित किया। वहीँ नरसिंहगढ़ के माननीय विधायक श्री मोहन शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे और उन्होंने स्थल पर भूमिपूजन समारोह किया। ज़ोलोपैक के एमडी और सीईओ, श्री शशांक मिश्रा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा, फ्हमें पीलूखेड़ी में बायोडिग्रेडेबल पैकेजिंग प्रोडक्ट के लिए एक विश्वस्तरीय मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट स्थापित करने की प्रसन्नता है।